राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राष्ट्रीय युवा दिवस पर राज्यपाल ने दी शुभकामनाएं

स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों को आत्मसात कर विकसित भारत के लिए योगदान दें युवा – राज्यपाल

जयपुर, 11 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने स्वामी विवेकानन्द जयन्ती (12 जनवरी) के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों को अपनाते हुए युवाओं से षविकसित भारत 2047ष की संकल्पना साकार करने में भागीदार बनने का आह्वान किया है।

श्री मिश्र ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संपूर्ण जीवन भारतीय उदात्त जीवन मूल्यों का संवाहक है। उनके जीवन मूल्यों से प्रेरणा ले, युवा देश के नव निर्माण में सहभागी बनें।

––––